नए सबवे से कनेक्ट होंगे मेट्रो और रेलवे स्टेशन!

राज्य सरकार ने सीएसएमटी पर दूसरे सबवे के निर्माण को दी मंजूरी, 2025 तक रोजाना 2 लाख यात्री कर सकेंगे सफर

Pankaj.Pandey@timesgroup.com

मुंबई: राज्य सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे स्टेशन (सीएसएमटी) पर दूसरे सबवे के निर्माण की मंजूरी दे दी है। यह सबवे सीएसएमटी रेलवे स्टेशन और मेट्रो-3 कॉरिडोर के सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन के बीच बनेगा। इस सबवे की लंबाई करीब 365 मीटर है। इससे सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन एवं लोकल ट्रेन के यात्रियों को आसानी से स्टेशन तक पहुंचना संभव हो सकेगा। सबवे का निर्माण मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) करेगा।

एमएमआरसी के अनुसार, सीएसएमटी पर बनने वाला यह सबवे मुंबई का हाईटेक सबवे होगा। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ यहां यात्रियों के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, रिफ्रेशमेंट, टॉयलेट व अन्य सुविधाएं होंगी। सबवे के इंजीनियरिंग और टेक्निकल फीजिबिलिटी पर काम किया जा रहा है। यात्रियों की राह आसान बनाने वाले इस सबवे के निर्माण का खर्च राज्य सरकार व रेलवे द्वारा उठाया जाएगा। सीएसएमटी रेलवे स्टेशन से रोजाना करीब 16 लाख यात्री सफर करते हैं। मेट्रो 3 कॉरिडोर पर सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन से साल 2025 तक रोजाना 2 लाख यात्रियों के सफर करने का अनुमान है।

अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ 365 मीटर लंबा होगा यह सबवे

एस्केलेटर

ट्रेवलेटर

टॉयलेट

रिफ्रेशमेंट

365 मीटर लंबा होगा सबवे, सबवे का निर्माण (एमएमआरसी) करेगा

File Pics

क्यों पड़ी जरूरत

मौजूदा समय में सीएसएमटी रेलवे स्टेशन पर एक सबवे है। यह सबवे बीएमसी और आजाद मैदान के करीब खुलता है। मौजूदा समय में इस सबवे से हमेशा यात्रियों की भीड़ लगी रहती है। मेट्रो सेवा के शुरू होने से इस सबवे से गुजरने वाले यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा होगा। पश्चिम उपनगर के यात्रियों को चर्चगेट रेलवे स्टेशन तक जाना पड़ता है, वहीं कुछ लोग सीएसएमटी से ट्रेन पकड़ दादर में उतरते हैं और फिर वहां से वेस्टर्न लाइन की लोकल ट्रेन से आगे का सफर पूरा करते हैं। सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन के पूरी तरह से तैयार हो जाने पर उपनगरों में रहने वाले यात्री वेस्टर्न रेलवे के बजाय मेट्रो से सफर करना पसंद करेंगे। मेट्रो 3 कॉरिडोर को अन्य मेट्रो लाइन से भी कनेक्ट किया जा रहा है। ऐसे में बडी संख्या में रेलवे यात्रियों के मेट्रो में शिफ्ट होने की संभावना है। भविष्य में यात्रियों की बढ़नेवाली संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने वर्ल्ड हेरिटेज का दर्जा रखने वाले सीएसएमटी पर दूसरे सबवे के निर्माण को अनुमति दी है।

जल्द शुरू होगा काम

एमएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सबवे के निर्माण को लेकर रेलवे के साथ चर्चा चल रही है। सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के पूरा करने के बाद सबवे का निर्माण कार्य शुरू होगा। कोलाबा-बांद्रा-सीप्झ के बीच मेट्रो 3 कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। भूमिगत मेट्रो लाइन का निर्माण कार्य 84 फीसदी तक पूरा हो चुका है। सरकर ने मेट्रो सेवा की शुरुआत दो फेज में करने का फैसला लिया है। इसके तहत दिसंबर 2023 में आरे से बीकेसी और बीकेसी से कफ परेड तक जून 2024 से सेवाएं शुरू करने की योजना है।